आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 13.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विद्यार्थियों से औपचारिक शिक्षा के अलावा भी ज्ञान अर्जित करने की अपील की।
- राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा कि अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में किसानों की बहुत बड़ी भूमिका है।
- कल हिन्दी दिवस मनाया जाएगा– राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के एस.एम.एस मेडिकल कॉलेज सभागार में होगा।
- प्रदेश में आज कई क्षेत्रों में बारिश का दौर मंद पड़ने से राहत– धौलपुर में चम्बल नदी में पानी बढ़ने के बाद तटीय इलाकों में हाई अलर्ट।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विद्यार्थियों को हर दिन नई सीख लेनी चाहिये। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी औपचारिक शिक्षा के अलावा भी ज्ञान अर्जित करने की अपील की है। श्री धनखड़ आज अजमेर जिले के बांदरसिंदरी में केन्द्रीय विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान देना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के लिये अपार संभावनाएं हैं और उन्हें अपनी उन्नति का कोई भी अवसर छोड़ना नहीं चाहिये। विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिये सरकार की तरफ से भी पूरा सहयोग दिया जा रहा है। उपराष्ट्रपति ने अजमेर के सुरसुरा में वीर तेजाजी की निर्वाण स्थली और नागौर के खरनाल स्थित वीर तेजाजी मन्दिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की।

000

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि कृषि क्षेत्र का देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि कृषि अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में किसानों की बहुत बड़ी भूमिका है। राज्यपाल आज श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की बढ़ती जनसंख्या को प्रचुर मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध करवाना वर्तमान समय की बहुत बड़ी चुनौती है। श्री बागड़े ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों को फसल उत्पादन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से जलवायु परिवर्तन से फसलों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से बचाने के लिए उन्नत किस्म और तकनीक विकसित करने का आहवान किया। समारोह में किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर चौधरी ने छात्रों से नौकरी मांगने की बजाय नौकरी देने वाला बनने की अपील की। उन्होंने कहा की देश का किसान तभी विकसित होगा जब हर हाथ को हुनर और हर खेत को पानी मिलेगा ।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य जलवायु प्रतिरोधी और बायोफोर्टिफाइड किस्में विकसित करना है।

000

केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि केन्द्र के बजट में यह वर्ष किसानों को समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को राहत दी है। श्री चौधरी आज चित्तौडगढ़ में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मोदी सरकार ने किसानों के लिए 1 लाख 52 हजार करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया है। श्री चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में भी अब कदम उठा रही है। इसके लिए केन्द्र सरकार ने अपने बजट में ही 20 हजार करोड़ रूपये बढ़ाये है। प्राकृतिक खेती के लिए प्रति हैक्टेयर 20 हजार रूपये का अनुदान किसान को दिया जा रहा है। ताकि वे रसायनिक खाद के उपयोग से बचे और प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों।

000

स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि प्रदेश में निकाय चुनाव एक साथ ही होंगे। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव एक साथ कराने के लिये सरकार तैयारी कर रही है और यह प्रक्रिया दो माह में पूरी हो जायेगी। श्री खर्रा ने आज चित्तौड़ में मीड़िया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में निकायों के अलग–अलग कार्यकाल है। इससे अलग–अलग स्थानों पर चुनाव होने से विकास कार्य बाधित होते है। उन्होंने कहा कि पंचायतराज चुनाव भी एक साथ ही करायें जायेंगे। श्री खर्रा ने कहा कि बरसात के बाद प्रदेश में सड़कों की मरम्मत का कार्य किया जायेगा।

000

कल हिन्दी दिवस है। इस अवसर पर राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन भाषा और पुस्तकालय विभाग की ओर से जयपुर के एस.एम.एस मेडिकल कॉलेज सभागार में किया जायेगा। समारोह की मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी होगीं। समारोह के विशिष्ट अतिथि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत तथा विधायक गोपाल शर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासन स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के सचिव कृष्ण कुणाल करेंगे। इस अवसर पर कार्मिक विभाग शासन सचिव, के.के. पाठक मुख्य वक्ता होंगे। विभाग के निदेशक मनीष गोयल ने बताया कि इस वर्ष से हिन्दी सेवा पुरस्कार लेखन की दस विधाओं में दिया जाएगा। प्रत्येक विधा में 50 हजार रूपये राशि का प्रावधान रखा गया है।

उन्होंने बताया कि इस बार हिन्दी दिवस समारोह में छात्र–छात्राओं के मार्ग–दर्शन के लिये एक परिचर्चा का आयोजन किया जायेगा। समारोह में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान की माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में हिन्दी विषय में शत–प्रतिशत अंक लाने वाले 318 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जायेगा। हिन्दी दिवस के मौके पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने प्रदेशवासियों को

शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि हिंदी भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति है। हिन्दी भाषा देश के स्वाभिमान की प्रतीक है। विश्वभर में फैले भारतवासियों को यह अपनत्व की डोर से जोड़ती है। उन्होंने हिन्दी को तकनीक से जोड़ते हुए आधुनिक विश्व भाषा बनाए जाने का आह्वान किया है। प्रदेश के सभी जिलों में भी हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम होंगे।

000

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने विशेष स्वच्छता अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए समर्पित वेब पोर्टल लॉन्च किया है। सरकार ने प्रति वर्ष दो से 31 अक्टूबर तक स्वछच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

000

रेलवे की ओर से स्वच्छ भारत अभियान आयोजित किया जाएगा। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टेन शशि किरण ने बताया कि यह अभियान कल से एक अक्टूबर तक आयोजित होगा। 02 अक्टूबर गांधी जयंती को **'स्वच्छ भारत दिवस'** के रूप में मनाया जायेगा। रेलवे की ओर से हर साल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के मौके पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर गांधी जी के स्वप्न को साकार करने का प्रयास किया जाता है।

अभियान के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडलों, कारखानों और दूसरी इकाइयों में कई गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों, रेलवे कॉलोनियों स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। रेलवे स्टेशनों के आसपास स्थित ग्राम पंचायतों में स्वच्छता चौपाल लगाई जाएगी अभियान के तहत सफ़ाई कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मैराथन, साइक्लोथन, खेल प्रतियोगिताओं तथा वृक्षारोपण भी किया जाएगा। रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल गतिविधियों और कचरे से कलाकृति बनाने तथा रिसाइकल्ड उत्पादों की बिक्री पर विशेष बल दिया जायेगा।

000

प्रदेश में ज्यादातर इलाकों में बारिश का दौर मंद पड़ने से राहत मिली है हालांकि पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं भारी बारिश हुई है। इन क्षेत्रों में पिछले 3 दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण अभी भी कई जगह जल भराव की स्थिति बनी हुई है। धौलपुर जिले में चंबल नदी खतरे के निशान से साढ़े तीन मीटर नीचे बह रही है। नदी में पानी बढ़ने की वजह से तटवर्ती इलाकों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें लगाई गई है। उधर सवाई–माधोपुर जिले में कल हुई अतिवृष्टि के बाद आज मौसम साफ रहने से लोगों ने राहत की सांस ली है। शहर के अनेक निचले इलाकों में अभी भी जल जमाव की स्थिति बनी रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जयपुर में भी आज मौसम साफ बना रहा हालांकि दिनभर बादलों की लुका–छिपी चली।
मौसम विभाग ने आज कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, जयपुर संभागों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की भी संभावना है। इसके अलावा जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं बारिश के आसार है।

000

भीलवाड़ा जिले के हुरडा में तीन बच्चों की नाडी में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा तीनों बच्चों के शवों को बाहर निकालवाये।

000

जैसलमेर जिले के रामदेवरा में आज बाबा रामदेव की जयंती पर देश के कोने–कोने से आए श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा–अर्चना कर खुशहाली की कामना की। इस दौरान सुलभ दर्शन करवाने के लिए मन्दिर समिति द्वारा विशेष प्रबंध किए गए। जिला प्रशासन की ओर से भी मेलार्थियों की सुविधा के लिये व्यापक इंतजाम किये गये हैं। रेल्वे और रोड़वेज ने भी श्रद्धालुओं के लिये विशेष ट्रेनों और बसों की व्यवस्था की है। आज ही तेजा दशमी भी मनाई जा रही है। इस मौके पर तेजाजी के मन्दिरों में मेले और अन्य आयोजन हो रहे हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

**000**